CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 340 रायपुर, शुक्रवार 3 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाला**

## ईडी ऑफिस पहुंचे पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूछताछ जारी





**रायपुर,** 3 जनवरी (हाईवे चैनल)। रायपुर छत्तीसगढ़ में हुए 2000 करोड़ से ऊपर के कथित आबकारी घोटाला में प्रवर्तन निदेशालय की जांच तेज हो गई है. पूछताछ के लिए ईडी के बुलावे के बाद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा रायपुर ईडी ऑफिस पहुंचे हैं. उनके बेटे हरीश कवासी को भी आज पूछताछ के लिए बुलाया गया है.

28 दिसंबर को ईडी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लकमा के रायपुर स्थित आवास पर छापेमारी की. सुकमा में उनके बेटे हरीश कवासी और उनसे जुड़े लोगों के घर पर भी प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की. इसके अलावा धमतरी सहित सात जिलों में ईडी ने रेड मारी. जांच के बाद प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने दावा किया कि उन्हें शराब घोटाला से जुड़े कई अहम दस्तावेज और कुछ टेक्निकल जानकारी मिली हैं. उसी को आधार बनाकर ईडी ने कवासी लकमा और उनके बेटे को पूछताछ के लिए रायपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय बुलाया.

आबकारी घोटाले मामले में कवासी लखमा और उनके बेटे के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान ईडी को कैश या दूसरा सामान नहीं मिला है. हालांकि प्रवर्तन निदेशालय ने सोशल साइट पर इस बात की जानकारी दी थी कि आबकारी घोटाला मामले में हुई छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और लेनदेन की जानकारी मिली है. जिसके सत्यापन के लिए पूर्व आबकारी मंत्री और उनके बेटे को आज पूछताछ के लिए रायपुर कार्यालय में बुलाया गया है।

## 7 दिन के भीतर साय कैबिनेट में विस्तार होने की संभावना



**अमर अग्रवाल, किरण सिंहदेव और गजेन्द्र यादव के नाम की चर्चा**

**रायपुर,** 3 जनवरी (हाईवे चैनल)। पंचायत चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा चरम पर है। अटकलें लगाई जा रही है कि यहां भी हरियाणा वाला फॉर्मूला लागू किया जा सकता है। यानि यहां भी साय कैबिनेट में 14 मंत्रियों को जगह दी जा सकती है। कयासों के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्यपाल रामेन डेका से मुलाकात की है। सीएम का राज्यपाल से मुलाकात के बाद एक बार फिर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है और कहा जा रहा है कि अगले 7 दिन के भीतर साय कैबिनेट में विस्तार हो सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार सीएम विष्णुदेव साय ने कल शाम राजभवन पहुंचकर राज्यपाल रामेन डेका से मुलाकात की है। बता दें कि सीएम साय, डिप्टी सीएम अरुण साव सहित प्रदेश के कई मंत्री कैबिनेट विस्तार को लेकर हिंट दे चुके हैं। अब कहा जा रहा है कि अगले 7 दिन के भीतर कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। इतना ही नहीं कहा ये भी जा रहा है कि परफॉर्मेंस के आधार पर कई मंत्रियों के प्रभार में फेरबदल किया जा सकता है। गौरतलब है कि मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा के बीच अमर अग्रवाल , किरण सिंहदेव और गजेंद्र यादव का नाम सामने आया था। कहा जा रहा है कि इनमें से दो विधायकों को साय कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर ये भी कहा जा रहा है कि साय सरकार के एक साल पूरा हो जाने के बाद अब मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड देखा जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किए जाने की चर्चा जोरों पर है। अब देखना होगा कि आगामी दिनों में मंत्रिमंडल में किसे जगह दी जाती है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने ठुकराई एफआईआर रद्द करने की मांग

नई दिल्ली, 3 जनवरी (न्यूज चैनल)। संभल की शाही जामा मस्जिद में 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हुई हिंसा मामले में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को तगड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सांसद के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग ठुकरा दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में एफआईआर रद्द नहीं होगी और पुलिस की जांच जारी रहेगी। हालांकि हाईकोर्ट ने पुलिस को फिलहाल सांसद बर्क को गिरफ्तार नहीं करने का आदेश दिया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में सपा सांसद के मामले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने एफआईआर रद्द करने की मांग को ठुकरा दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जिन धाराओं में सांसद बर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, उनमें 7 साल से कम की सजा होती है। इस मामले में पुलिस सांसद बर्क को नोटिस जारी करेगी। नोटिस जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए बुला सकती है। सांसद बर्क को पुलिस की जांच में सहयोग करना होगा। बता दें कि संभल में 24 नवंबर को मस्जिद सर्वे को लेकर भड़की हिंसा मामले में पुलिस ने सपा के स्थानीय सांसद जियाउर्रहमान बर्क को आरोपी नंबर एक बनाया है, उनके खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी।

### 3 से 7 जनवरी तक भारी बारिश के साथ बर्फबारी का अलर्ट

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (न्यूज चैनल)। पूरे देश में इन दिनों भीषण सर्दी की लहर चल रही है, और अधिकांश राज्यों में घना कोहरा छाया हुआ है। इस महीने में कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा बने रहने की संभावना है। हालांकि, मौसम विभाग ने इस दौरान बारिश होने की भी आशंका जताई है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पिछले 15 दिनों से भारी बर्फबारी हो रही है।

मौसम विभाग का अलर्ट भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के अनुसार, 3 से 7 जनवरी के बीच पश्चिमी हिमालय, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भारी बर्फबारी और बारिश की संभावना है। जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बारिश और गरज के साथ बर्फबारी का पूर्वानुमान है, जबकि हिमाचल प्रदेश में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। तीनों राज्यों में बर्फबारी और तापमान लाहौल स्पीति के ताबो में बर्फबारी के कारण न्यूनतम तापमान -14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, समदो में -9.3, कुकुमसैरी में -6.9, और कल्पा में -2 डिग्री तापमान रहा। जम्मू कश्मीर के भद्रवाह में तापमान फ्रीजिंग पॉइंट से नीचे जा चुका है.




**चूहा- सुनती हो, उद्धव ठाकरे की सामना पत्रिका में आज देवेन्द्र फड़णवीश की तारीफ की गई है।**
**चुहिया- हां जी, उद्धव के पास अब तो सत्ता हथियाने का उसके सिवाय चारा भी नहीं है।**

## 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आपदा से घिरी : मोदी

### स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के लाभार्थियों को सौंपी फ्लैट की चाबियां



- **2025 अनेक संभावनाओं को लेकर आ रहा है**
- **दिल्ली की आप सरकार पर प्रधानमंत्री ने बोला हमला**

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (न्यूज चैनल) ।पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला... ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबी सौंपी। दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मंत्री तोखन साहू आदि नेता मंच पर मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में बहुत बड़ी भूमिका हमारे शहरों की है। जहां दूर-दूर से लोग सपने लेकर आते हैं और बड़ी ईमानदारी से उन सपनों को पूरा करने में जिंदगी खपा देते हैं। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार शहरों में रहने वाले हर परिवार को क्वालिटी ऑफ लाइफ देने में जुटी है।

पीएम मोदी ने कहा कि देश भाली-भांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया है। लेकिन बीते 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक गरीबों को घर देकर उनका सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले यही एक सपना था। मैं आप सबको भी कहता हूं कि आप जब भी लोगों के बीच जाएं लोगों से मिले और अभी भी जो लोग झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, मेरे तरफ से उनको वादा करके आना, मेरे लिए आप ही मोदी हैं, आप वादा करके आना आज नहीं तो कल उनके लिए पक्का मिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि ये वर्ष विश्व में भारत में अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने का होगा। ये वर्ष भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का वर्ष होगा। ये वर्ष युवाओं को नए स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप में आगे बढ़ाने का होगा। ये वर्ष कृषि क्षेत्र में नए कीर्तिमानों का होगा। ये वर्ष ईज ऑफ लिविंग और क्वालिटी ऑफ लाइफ बढ़ाने का होगा ।पीएम मोदी ने स्वाभिमान अपार्टमेंट योजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैट की चाबी देने के बाद कहा कि यह आपकी नई शुरुआत है। बोले, किराये की जगह अपना घर... यह शुरुआत ही तो है। यह आत्म सम्मान का घर है। यह नई आशाओं और नए सपनों का घर है। मैं सभी की खुशियों में आपके उत्सव का हिस्सा बनने ही मैं आज यहां आया हूं। आज जब यहां आया तो काफी पुरानी यादें ताजा होना बहुत स्वभाविक है। आप में से शायद कुछ लोगों को पता होगा जब आपातकाल का समय था, देश इंदिरा गांधी के तानाशाही रवैये के खिलाफ लड़ रहा था। उस समय मेरे जैसे बहुत साथी अंदरग्राउंड मूवमेंट का हिस्सा थे। उस समय आशोक विहार मेरे रहने का स्थान हुआ करता था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने लोगों की नववर्ष की शुभाकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि साल 2025 अनेक संभावनाओं को लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है। 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी।

## पप्पू यादव के समर्थकों ने किया चक्का जाम, ट्रेन और बसें रोकी



**प्रशांत किशोर आज भी अनशन पर**

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (न्यूज चैनल)। गया में बीपीएससी छात्रों के समर्थन में पप्पू यादव के समर्थक सड़कों पर उतर गये। समर्थकों ने सड़क जामकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सड़क जाम कर रहे पप्पू यादव के समर्थक राजीव कुमार कन्हैया ने कहा कि हमलोग बीपीएससी छात्रों के समर्थन में सड़क जाम कर रहे हैं। पप्पू यादव के नेतृत्व में राज्यव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। हमलोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाईवे और रेल चक्का जाम करने का काम किया है। जिस तरह से बीपीएससी के छात्रों पर लाठी-डंडे बरसाए गए, हमलोग इसकी कड़ी निंदा करते हैं। सरकार छात्रों की मांगों को पूरा करें, बीपीएससी की दोबारा परीक्षा ली जाए, अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो और व्यापक आंदोलन किया जाएगा, साथ ही पूरे बिहार को बंद कराया जाएगा। पूर्णिया में भी सांसद पप्पू यादव के बिहार बंद का असर देखने को मिला। पप्पू यादव के समर्थक शुक्रवार को सड़क और रेल मार्ग पर उतरे और वाहनों और ट्रेनों को रोकने का प्रयास किया। हालांकि पूर्णिया जंक्शन पर ट्रेन रोकने जा रहे समर्थकों को रेलवे पुलिस ने स्टेशन के बाहर ही रोक दिया। प्रदर्शन को देखते हुए पहले से शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रशासन की ओर फोर्स तैनात किया गया है। आरा में 70 वीं बीपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग और अभ्यर्थियों पर हुई लाठीचार्ज के खिलाफ छात्र युवा शक्ति द्वारा आज एनएच- 30 को जाम कर दिया गया।

## अनियमितता पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी निलंबित

**रायपुर** 3 जनवरी। राज्य शासन ने दल्लीराजहरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री भूपेन्द्र वार्डेकर को निलंबित कर दिया है। कोंडागांव नगर पालिका में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदस्थापना के दौरान अध्यक्ष कक्ष के रिनोवेशन कार्य एवं फर्नीचर खरीदी में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए राज्य शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

निलंबन अवधि में श्री वार्डेकर का मुख्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, जगदलपुर नियत किया गया है। मंत्रालय द्वारा जारी निलंबन आदेश की प्रति नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक को प्रेषित करते हुए राज्य शासन ने श्री भूपेन्द्र वार्डेकर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए समय-सीमा में आरोप पत्रादि का प्रारूप विभाग को भेजने के निर्देश दिए हैं।

## खेलते वक्त रेलवे ट्रैक पर तीन किशोरों की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली**, 3 जनवरी (न्यूज चैनल)। बिहार के बेतिया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दुखद घटना सामने आई, जिसमें पबजी गेम खेलते हुए तीन किशोरों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसा नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर रेलखंड के पास हुआ। मृतकों में मोहम्मद अली का बेटा फुरकान आलम, मोहम्मद टुनटुन का बेटा समीर आलम और हबीबुल्लाह अंसारी शामिल हैं। घटना के समय तीनों किशोर रेलवे ट्रैक पर बैठकर पबजी खेल रहे थे और उनके कानों में ईयरफोन लगे हुए थे। इस कारण वे ट्रेन की आवाज नहीं सुन सके। डेमो पैसेंजर ट्रेन, जो मुजफ्फरपुर से नरकटियागंज जा रही थी, अचानक आ गई और तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सदर एसडीपीओ विवेक दीप और आरपीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। परिजन शवों को घर ले गए, जबकि पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा : अमित शाह



**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस% पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। शाह ने इस दौरान कहा कि हमारे देश के हर कोने का इतिहास हजारों साल पुराना है, जहां दुनिया की सभ्यताओं को कुछ न कुछ देने के लिए काम किये गये। उन्होंने कहा कि परतंत्रता के समय हमें यह भूलाने का प्रयास किया गया। एक मिथक प्रचारित किया गया कि यह राष्ट्र कभी एकजुट नहीं था और स्वतंत्रता का विचार बेमानी था। बहुत से लोगों ने इस झूठ को स्वीकार भी किया।

शाह ने आगे कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान इतिहास में लिखी गई हमारे देश की परिभाषा उनकी जानकारी की कमी के कारण गलत थी। विश्व के सभी राष्ट्रों का अस्तित्व भू-राजनीतिक है। वे युद्ध या समझौते के परिणामस्वरूप सीमाओं द्वारा बनते हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो %भू-सांस्कृतिक% देश है और संस्कृति के कारण ही सीमाएँ निर्धारित होती हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, गांधार से ओडिशा तक और बंगाल से असम तक, हम अपनी संस्कृति के कारण जुड़े हुए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो लोग किसी देश को किसी भू-राजनीतिक चीज़ के रूप में परिभाषित करते हैं, वे हमारे देश को परिभाषित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत को समझने के लिए हमारे देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। कश्मीर और लद्दाख कहां थे, इस आधार पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर विश्लेषण करना कि इस पर किसने शासन किया।

## महाराष्ट्र की सियासत में होगा बड़ा बदलाव? 'सामना' में हुई सीएम फडणवीस की तारीफ, राउत के भी बदले सुर

**नई दिल्ली,** 3 जनवरी (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने जा रहा है? हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति की बंपर जीत के बाद विपक्षी महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों के सुर बदलने लगे हैं। ताजा मामला उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुखपत्र सामना की संपादकीय में छपी सीएम देवेंद्र फडणवीस की तारीफ के बाद सामने आया है। संपादकीय में नए साल के मौके पर सीएम देवेंद्र फडणवीस के गढ़चिरौली के दौरे की तारीफ की गई है। इसके बाद शिवसेना के सांसद संजय राउत ने भी सीएम की तारीफ को लेकर जवाब दिया है।

सामना में छपे संपादकीय में लिखा गया है कि फडणवीस ने नए साल में काम की शुरुआत गढ़चिरौली जिले से की। फडणवीस ने गढ़चिरौली से विकास के एक पर्व की शुरुआत की। नए साल के मौके पर फडणवीस ने नक्सल प्रभावित जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। फडणवीस ने जो कहा है अगर वह सच है तो यह गढचिरौली ही नहीं, पूरे महाराष्ट्र के लिए पॉजिटिव होगा।

संपादकीय में यह भी लिखा गया है कि शिवसेना को यकीन है कि देवेंद्र फडणवीस गढ़चिरौली में कुछ नया करेंगे। गढ़चिरौली में गरीबी की वजह से नक्सलवाद बढ़ा। पढ़-लिखकर पकौड़े तलने के बजाय, हाथों में बंदूकें लेकर आतंक मचाने, दहशत फैलाने की ओर युवाओं का झुकाव हुआ। इस संघर्ष में केवल खून ही बहा। पुलिस वाले भी मारे गए और बच्चे भी मारे गए। अब अगर मुख्यमंत्री गढ़चिरौली में इस तस्वीर को बदलने का निर्णय लेते हैं तो हम उन्हें बधाई देते हैं। हमें उम्मीद है कि फडणवीस गढ़चिरौली में कुछ नया करेंगे और आदिवासियों की जिंदगी बदल देंगे। अगर गढ़चिरौली में संविधान का राज आ रहा है तो मुख्यमंत्री फडणवीस प्रशंसा के पात्र हैं। सामना में छपे संपादकीय को लेकर शिवसेना उद्धव के नेता संजय राउत ने कहा कि मैंने 10 नक्सलियों के हथियार डालने और भारतीय संविधान को स्वीकार करने की तस्वीरें देखी हैं। अगर कोई ऐसा करता है तो इसकी सराहना की जानी चाहिए। अगर गढ़चिरौली जैसे जिले का विकास होता है तो यह पूरे राज्य के लिए अच्छा है। अगर गढ़चिरौली महाराष्ट्र का स्टील सिटी बन जाता है तो इससे बेहतर कुछ नहीं है। यह सब देवेंद्र फडणवीस की पहल के बाद किया गया है और कोई इसकी सराहना नहीं कर रहा है, तो यह सही नहीं है।

CMYK